Series A6BAB/C

Set No. 1

प्रश्न-पत्र कोड **2/6/1**

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

हिन्दी (आधार)

HINDI (Core)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड क** और **खण्ड ख** ।*

(iii) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क
(कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन) 20

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी ***एक*** शीर्षक पर लगभग 150 – 200 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *1×5=5*

(क) अचानक माँ की तबियत बिगड़ने पर

(ख) कल करे सो आज कर

(ग) गाँव की सुबह

2. (क) कोरोना काल में आम आदमियों द्वारा रोगियों के लिए किए गए सहायता-कार्यों की प्रशंसा करते हुए किसी हिन्दी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । *5*

अथवा

(ख) आप खुशी/खुशवंत हैं । आपका ए.टी.एम. कार्ड कहीं खो गया है । आपने फोन द्वारा अपना कार्ड ब्लॉक करवा दिया है । आपको दूसरा ए.टी.एम. कार्ड चाहिए । अपनी समस्या तथा आवश्यकता का उल्लेख करते हुए बैंक प्रबंधक को आवेदन-पत्र लिखिए । *5*

3. (i) (क) नाटक में 'स्वगत कथन' से आप क्या समझते हैं ? आजकल इसे नाटक में कैसे प्रयोग किया जाता है और उसे क्या कहते हैं ? *3*

अथवा

(ख) कहानी से आप क्या समझते हैं ? यह भी लिखिए कि कहानी का संबंध किन लोगों से जुड़ता है और नाटक का संबंध किनसे होता है । *3*

(ii) (क) रेडियो नाटक की अवधि सीमित क्यों रखी जाती है ? *2*

अथवा

(ख) रेडियो नाटक और सिनेमा में क्या अंतर है और क्यों ? स्पष्ट कीजिए । *2*

4. (i) (क) समाचार लेखन के छह ककार से आप क्या समझते हैं ? समाचार लेखन में इनकी आवश्यकता क्यों पड़ती है ? *3*

अथवा

(ख) फ़ीचर क्या है ? समाचार और फ़ीचर में अंतर बताते हुए फ़ीचर लेखन का उद्देश्य बताइए । *3*

(ii) (क) फ्रीलांसर पत्रकार किसे कहते हैं और क्यों ? *2*

अथवा

(ख) संपादकीय से आप क्या समझते हैं ? संपादकीय लिखने में किसी का नाम क्यों नहीं छापा जाता ? *2*

खण्ड ख

(पाठ्यपुस्तक और अनुपूरक पाठ्यपुस्तक) **20**

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *2×3=6*

(क) "फिराक गोरखपुरी की रुबाइयों में बच्चे के प्रति माँ की ममता का अद्भुत वर्णन है ।" कैसे ? उदाहरण सहित लिखिए । *3*

(ख) तुलसीदास ने पेट की आग को 'समुद्र की आग से बड़ी क्यों' कहा है ? कवितावली पाठ के आधार पर लिखिए । *3*

(ग) 'उषा' कविता में कवि ने 'सूर्योदय' को किसका जादू टूटना बताया है और यह जादू किन चीज़ों का है ? *3*

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×3=9*

(क) ढोलक की आवाज़ किस प्रकार से मृत-गाँव में संजीवनी शक्ति भरती रहती थी ? 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर लिखिए । *3*

(ख) नमक की पुड़िया ले जाने को लेकर सफ़िया के मन में क्या द्वंद्व था ? 'नमक' कहानी के आधार पर लिखिए । *3*

(ग) जाति-प्रथा आधारित श्रम विभाजन को लेखक ने स्वाभाविक विभाजन क्यों नहीं माना है ? व्यक्ति को स्वयं पेशा चुनने योग्य बनाने के लिए क्या अपेक्षित है ? पाठ के आधार पर लिखिए । *3*

(घ) डॉ. भीमराव आंबेडकर की दृष्टि में आदर्श समाज के तीन आधार कौन-से हैं ? तीनों को उल्लेख करते हुए समझाइए । *3*

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3+2=5*

(i) (क) "सिंधु सभ्यता मूलत: खेतिहर और पशुपालक सभ्यता थी ।" कैसे ? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । *3*

अथवा

(ख) 'डायरी के पन्ने' पाठ में "ऐन फ्रैंक की निजी भावनात्मक उथल-पुथल का दस्तावेज़ भी है ।" इस कथन की विवेचना कीजिए । *3*

(ii) (क) 'डायरी के पन्ने' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि आधुनिक समाज में महिलाओं के प्रति पुरुषों के दृष्टिकोण में बदलाव आया है । *2*

अथवा

(ख) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर सिंधु घाटी सभ्यता की विशेषताएँ लिखिए । *2*